तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 22 नवंबर 2024



14 खेल मैदान की जगह आयोजन स्थल बनकर रह गया सरजू ...





13 जल संचयन कार्यों का कलेक्टर ने किया ...







Shri Gopala HOSPITAL

श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल

रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी

सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा

सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध


## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत की सामान्य सभा 25 को

**बालोद।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 25 नवंबर को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत बालोद के सभाकक्ष में रखी गई है। सामान्य सभा में विभागवार कार्यों की समीक्षा की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे ने बैठक में सर्व संबंधितों को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने को कहा है।

### बालोद में मेगा प्लेसमेंट 22 को

**बालोद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र बालोद में 22 नवंबर को मेगा प्लेसमेंट का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी बालोद ने बताया कि प्लेसमेंट में कुल 02 नियोजकों द्वारा लगभग 500 पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में निजी अस्पताल में मेडिकल ऑफिसर, डेंटिस्ट, फिजियोथैरेपिस्ट, ओटी टेक्नीशियन, एक्स रे टेक्नीशियन, ऑप्थेलेमिक टेक्नीशियन, पैथोलॉजी लैब टेक्नीशियन, नर्सिंग स्टॉफ, डायलिसिस टेक्नीशियन, फील्ड ऑफिसर, इलेक्ट्रीशियन, ड्राईवर, मैनेजर तथा कम्प्यूटर ऑरेटर के विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी।इसी तरह भिलाई की निजी सिक्यूरिटी सर्विसेस द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड पुरूष, सिक्यूरिटी सुपरवाईजर पुरूष तथा सिक्यूरिटी गार्ड महिला के विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेजों, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, पेनकार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो एवं रोजगार पंजीयन कार्ड के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

### नवोदय प्रवेश परीक्षा के लिए आनलाइन पंजीकरण 26 तक

**बालोद।** शिक्षा सत्र 2025–26 में जवाहर नवोदय विद्यालयों में कक्षा 11वीं में लेटरल एंट्री प्रवेश चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की तिथि में वृद्धि कर अंतिम तिथि 26 नवंबर 2024 निर्धारित की गई है। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय की प्राचार्य ने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण करने की प्रक्रिया जवाहर नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाईट नवोदय डॉट जीओवी डॉट इन पर की जा रही है। इसके साथ ही ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि के उपरांत भी जेंडर, कैटेगरी, डिस्एबिलिटी एवं परीक्षा के माध्यम के संशोधन के लिए सुधार विंडो 02 दिनों तक खुला रहेगा। उन्होंने बताया कि शिक्षा सत्र 2024–25 में अध्ययनरत कक्षा 10वीं के छात्र–छात्राएं जिनका जन्म 01 जून 2008 से 31 जुलाई 2010 तक है ऐसे विद्यार्थी नवोदय विद्यालय में कक्षा 11वीं में चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए पात्र होंगे।

**मांग :** नपाध्यक्ष ने कहा- राजहरा के अस्तित्व को बचाने के लिए है यह आंदोलन

# परिवहन संघ के आंदोलन को नपा अध्यक्ष शिबू व पार्षदों सहित विभिन्न संगठनों ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



राजहरा परिवहन संघ दल्लीराजहरा के सदस्य पांच सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। दूसरे दिन नगर पालिका दल्लीराजहरा अध्यक्ष शिबू नायर के नेतृत्व में उपाध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, पार्षद धरना स्थल पहुंचे और उनकी मांगों का समर्थन किया। इसके साथ ही सौरभ लूनिया, महेश पांडे, रत्तीराम कोसमा विधायक प्रतिनिधि अध्यक्ष अनाज किराना व्यापारी संघ दल्लीराजहरा ने भी परिवहन संघ की मांगों को जायज बताते हुए उनके साथ कदम से कदम मिलाकर आंदोलन में खड़े रहने की बात कही।

अध्यक्ष नगर पालिक अध्यक्ष ने धरना को संबोधित करते हुए कहा कि यह आंदोलन सिर्फ राजहरा परिवहन संघ का नहीं, अपितु राजहरा के अस्तित्व को बचाने के लिए है। उक्त आंदोलन में नगर पालिका के 27 वार्ड के पार्षद आपके साथ खड़े हैं। आपको जहां हमारी जरूरत पड़ेगी, आपके साथ रहेंगे। वहीं, नपा उपाध्यक्ष श्री देवांगन ने कहा कि परिवहन संघ विगत 15 वर्षों से लोह अयस्क के परिवहन की मांग करता आ रहा है, किंतु बीएसपी प्रबंधन राजहरा वालों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है, जिसे अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बीएसपी को परिवहन का कार्य देना होगा।

### प्रशासन ने नहीं ली सुध

राजहरा परिवहन संघ दल्लीराजहरा के सदस्यों ने कहा कि शासन प्रशासन व बीएसपी के अधिकारियों को धरना के 10 दिन पूर्व दिए गए आवेदन पर जिम्मेदार अधिकारी गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। धरना शुरू होने के दो दिन बाद भी शासन-प्रशासन व बीएसपी प्रबंधन की ओर से कोई धरना स्थल पर कोई सुध नहीं लेने पहुंचा। उन्होंने कहा कि शायद आंदोलन उग्र होने पर ही जिम्मेदार जागेंगे।




### चेंबर ने कहा- उजड़ते हुए राजहरा को बचाने की पहल

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स दल्लीराजहरा इकाई के अध्यक्ष शंकरलाल कुकरेजा, झूमरलाल छाजेड़ उपाध्यक्ष, भूपेंद्र कुमार महामंत्री ने भी धरना स्थल पहुंचकर परिवहन संघ की मांगों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि यह मांग पूर्ण होने पर राजहरा का व्यापार भी बढ़ेगा, जिससे उजड़ते हुए राजहरा को बचाया जा सकेगा। धरना स्थल पर राजहरा के आशुतोष माथुर, राजेंद्र भारद्वाज, गोपेश गुप्ता, अरुण ताम्रकार, पार्षद गण राजेश कांबले, रोशन पटेल, हेमंत गौतम, ताम्रध्वज सुधाकर, चंद्रप्रकाश बोरकर ,चंद्रप्रकाश सिन्हा, सूरज विभार, जसविंदर सिंह गिल, सनातन मोहंती सहित अनेक लोगों ने पहुंचकर प्रदर्शनकारियों के आंदोलन को समर्थन दिया।

# जनभागीदारी की राशि में गड़बड़ी का आरोप, कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त की जनभागीदारी मद की राशि में अनियमितता का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत लेकर छात्र नेता देवेंद्र कुमार साहू पहुंचे।

शासकीय घनश्याम सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद के जन भागीदारी राशि में अनियमितता और राशि का दुरुपयोग की शिकायत को लेकर कॉलेज के छात्र कलेक्टर मिलने पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर को बताया कि कॉलेज के कर्मचारियों को एक ही समय पर एक ही दिन का दो जगह से भुगतान किया गया। साथ ही जन भागीदारी मद का दुरुपयोग विगत 2 साल से करके उनकी राशि को जिन कार्य में खर्च नहीं करना है, उन कार्यों में खर्च किया जा रहा है।

छात्र हित के लिए उपयोग की जाने वाली राशि का उपयोग महाविद्यालय प्रशासन दूसरे कार्यों में करके राशि का दुरुपयोग कर रही है और राशि में अनियमितताओं को उजागर करके इसकी शिकायत लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा कर उच्च स्तरीय जांच की मांग कर त्वरित कार्रवाई की मांग की गयी है। ज्ञापन में कहा गया है कि विगत कुछ दिनों पहले चुनाव के समय कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी के दौरान महाविद्यालय में एग्जाम ड्यूटी का भुगतान किया गया और साथ ही उसे चुनाव ड्यूटी का भुगतान किया गया। इस प्रकार शासकीय राशि का दुरुपयोग और जनभागीदारी राशि के अनियमितता की शिकायत लेकर पहुँचे छात्रों को जिलाधीश ने आश्वासन दिया कि जल्द उच्च स्तरीय जांच कमेटी बनाकर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान गजेंद्र ढीमर पूर्व विधायक प्रतिनिधि और आयुष राजपूत विधायक प्रतिनिधि, सौरभ शर्मा, विश्वजीत बघेल, क्षितिज मिश्रा, अमन यादव, अंकित निर्मलकर व साथी उपस्थित थे।

# देवकोट में भगवान सहस्रबाहू की जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा

## विधायक संगीता ने सामुदायिक भवन निर्माण के लिए किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम देवकोट में डड़सेना कलार समाज द्वारा ग्रामीण स्तरीय भगवान सहस्त्रबाहु जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संजारी बालोद विधानसभा विधायक संगीता सिन्हा थीं, अध्यक्षता गुरूर मंडलेश्वर चंदन सिन्हा ने की।

विशेष अतिथि ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर अध्यक्ष तामेश्वर साहू, उपाध्यक्ष दुर्गुराम सिन्हा, जनपद पंचायत गुरूर उपाध्यक्ष तोषण साहू, टोमन साहू, सरपंच संतोषी साहू, सेक्टर अध्यक्ष तीर्थ शंकर साहू, ग्रामीण कलार समाज अध्यक्ष लेखराम सिन्हा, तरूण गजेन्द्र उपस्थित थे।

कार्यक्रम में समाज के इष्टदेव भगवान सहस्त्रबाहु मंदिर में अतिथियों ने पूजा अर्चना की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संगीता सिन्हा ने विधायक निधि से निर्मित होने वाले सिन्हा समाज के सामुदायिक भवन के लिए भूमिपूजन किया।

इसके पहले समाज द्वारा गांव के प्रमुख गली, मोहल्ले में मंगल कलश शोभायात्रा भी निकाली गई। जहां ग्रामीणों ने जगह जगह भगवान सहस्त्रबाहु, मां बहादुर कलारिन की पूजा अर्चना कर मंगल कामना की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि भगवान सहस्त्रबाहु एवं मां बहादुर कलारिन का हम सभी पर आशीर्वाद है, जिसके कारण हमारा सिन्हा समाज सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास कर रहा है, जो गौरव की बात है। विधायक संगीता ने लगातार दूसरी बार विधानसभा चुनाव में जीत दिलाने के लिए सिन्हा समाज के अलावा क्षेत्रवासियों का आभार माना।

मंडलेश्वर चंदन सिन्हा ने समाज द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम को ब्लाक अध्यक्ष तामेश्वर साहू ने भी संबोधित किया। इस दौरान अध्यक्ष लेखराम सिन्हा, उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम गजेन्द्र, सचिव बरसन गजेन्द्र, कोषाध्यक्ष घनश्याम सिंह, समाज प्रमुख संतराम सिन्हा, युवा प्रभाग महेन्द्र कुमार सिन्हा, महिला प्रभाग से अनुसुईया गजेन्द्र, पुजारी पतिराम सिन्हा उपस्थित थे।



### ग्राम पार्री की गलियों में कीचड़, ग्रामीण परेशान



**डौंडीलोहारा।** ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत खरथुली के आश्रित ग्राम पार्री में जल जीवन मिशन अंतर्गत पाइपलाइन का कार्य किया गया है। गलियों में खोदाई के बाद ठेकेदार द्वारा सीमेंटकरण का कार्य नहीं किया गया है। गली की हालत इतनी खराब है कि लोगों को बिना बारिश के भी कीचड़ में चलने को मजबूर होना पड़ रहा है। ग्राम के अनिल देशमुख ने बताया कि नल जल योजना के तहत काम अधूरा है। कीचड़ के कारण आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कीचड़ अधिक होने से वाहन सवारों के लिए खतरा बना हुआ है। कीचड़ व गंदगी के कारण मच्छर भी पनपने लगे हैं। ग्रामवासियों ने शीघ्र ही रोड के सीमेंटकरण की मांग की है।

## पाठक सूचना

बालोद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**9425559113, 9425565082**

**दल्लीराजहरा - 9993246100**

